3

रौल नं०.........................नाम..........................................................

XII-22 प्रीबोर्ड परीक्षा सन् 2025 ई० A

# अर्थशास्त्र (केवल प्रश्न–पत्र)

समय – 3.15 घण्टा कक्षा – 12 पूर्णांक – 100

नोट :– (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
(ii) प्रश्न संख्या–1 से 10 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रश्न संख्या–11 से 18 तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर 50 शब्दों में, प्रश्न संख्या–19 से 24 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 150 शब्दों में और प्रश्न संख्या–25 से 27 तक विस्तृत उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 300 शब्दों में दीजिए।
(iii) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

## (बहुविकल्पीय प्रश्न)

निर्देश–निम्न प्रश्न–खण्डों के सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर–पुस्तिका पर लिखिए:–

1. निम्न में कौन–सी आर्थिक क्रिया है :– 1
(अ) उपभोग (ब) उत्पादल (स) विनिमय (द) ये सभी।

2. किसी वस्तु की वह मात्रा जिसे एक उपभोक्ता दी हुई कीमत तथा आय पर क्रय करता है, उसे .......कहते हैं :– 1
(अ) खरीदने की इच्छा (ब) वस्तु की माँग (स) वस्तु की मात्रा (द) वस्तु की पूर्ति।

3. उत्पादन फंक्शन किससे सम्बन्धित है :– 1
(अ) उत्पादन लागत (ब) इनपुट लागत
(स) मजदूरी लाभ के लिए (द) उत्पादन करने के लिए आदानों।

4. पूर्ति वक्र का स्वरूप होता है :– 1
(अ) दाएँ को ऊपर की ओर (ब) दाएँ से नीचे की ओर
(स) बाएँ को ऊपर की ओर (द) बाएँ को नीचे की ओर।

5. किस प्रकार का विदेशी निवेश असुरक्षित माना जाता है :– 1
(अ) प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (ब) शेयर समूह निवेश
(स) एनआरआई जमा (द) बाह्य वाणिज्यिक उधार।

6. निम्न में से कौन–सा एक समष्टि अर्थशास्त्र का विषय नहीं है :– 1
(अ) लोकवित्त (ब) मुद्रा एवं बैंकिंग
(स) विदेशी विनिमय (द) माँग का नियम।

7. भारत में राष्ट्रीय आय का आकलन किसके द्वारा किया जाता है :– 1
(अ) वित्त मंत्रालय (ब) भारतीय रिजर्व बैंक
(स) राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन (द) केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन।

8. भारत में नवम्बर, 2016 में रु. 500 तथा रु. 1000 के नोटों का विमुद्रीकरण किसने किया :– 1
(अ) विश्व बैंक ने (ब) भारतीय सरकार ने
(स) सुप्रीम कोर्ट ने (द) व्यावसायिक बैंकों ने।

(पृष्ठ पलटिए)

9. यदि किसी व्यक्ति की आय शून्य हो, तो उसका उपभोग स्तर होगा :- 1
(अ) शून्य (ब) न्यूनतम (स) ऋणात्मक (द) अधिकतम।

10. निम्न में से कौन-सा व्यापार संतुलन का घटक नहीं है :- 1
(अ) विदेशी ऋण (ब) वस्तुओं का आयात
(स) विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (द) अदृश्य व्यापार।

## (अतिलघु उत्तरीय प्रश्न)

11. आर्थिक नियोजन से क्या अभिप्राय है? 3
12. निम्नस्तरीय वस्तु को परिभाषित कीजिए। कुछ उदाहरण भी दीजिए। 3
13. 'उत्पादन के साधन' से आप क्या समझते हैं? 3
14. पूर्ति की मात्रा से क्या अभिप्राय है? 3
15. बाजार माँग वक्र क्या प्रदर्शित करता है? 3
16. व्यापक चर किसे कहते हैं? 3
17. रॉयल्टी किसे कहते हैं? 3
18. प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष विनिमय प्रणाली का क्या अर्थ है? 3

## (लघु उत्तरीय प्रश्न)

19. व्यष्टि (सूक्ष्म) अर्थशास्त्र से आप क्या समझते हैं? व्यष्टि अर्थशास्त्र के विषय क्षेत्र का वर्णन कीजिए। 6

20. "एक प्रतियोगी बाजार में एक व्यक्तिगत माँग वक्र पूर्णतः लोचदार का सामना करता है।" व्याख्या कीजिए। 6

21. एक पूर्ण प्रतिस्पर्द्धी बाजार में श्रम की इष्टतम मात्रा किस प्रकार निर्धारित होती है? 6

22. किसी दो क्षेत्र अर्थव्यवस्था में राष्ट्रीय आय के वर्तुल प्रवाह का वर्णन कीजिए। 6

23. सकल राष्ट्रीय उत्पाद एवं शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद में अन्तर बताइए। 6

24. सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति किसे कहते हैं? यह किस प्रकार सीमान्त बचत प्रवृत्ति बचत प्रवृत्ति से सम्बन्धित है? 6

## (विस्तृत उत्तरीय प्रश्न)

25. सीमान्त उपयोगिता ह्रास नियम की उदाहरण एवं रेखाचित्र की सहायता से स्पष्ट व्याख्या कीजिए। 10

**अथवा**

उत्पादन फलन को परिभाषित कीजिए। अल्पकालीन एवं दीर्घकालीन उत्पादन फलन को समझाए।

26. राष्ट्रीय आय को परिभाषित कीजिए। राष्ट्रीय आय की गणना करने की किसी एक विधि को विस्तार से समझाइए। 10

**अथवा**

पत्र-मुद्रा किसे कहते हैं? इसके विभिन्न प्रकार संक्षेप में लिखिए।

27. बजट का अर्थ एवं विशेषताएँ लिखिए। सन्तुलन एवं मदों की प्रकृति के आधार पर बजट का वर्गीकरण कीजिए। 10

**अथवा**

विदेशी विनिमय बाजार का अर्थ एवं कार्य बताइए। भारत में विदेशी मुद्रा बाजार के प्रमुख अंग कौन-कौन से हैं?